पी. मुरलीधर राव
राष्ट्रीय महामंत्री
Email : p.muralidharrao@rediffmail.com

भारतीय जनता पार्टी
Bharatiya Janata Party

दिनांक : 3 मार्च, 2015

मान्यवर,

सादर नमस्कार!,

विषय : प्रशिक्षण वर्ग –2015

देश भर से प्राप्त हो रही सूचनाओं के अनुसार "सदस्यता महाभियान" को सफल बनाने हेतु सभी स्तरों पर कार्यकर्ता पूरी गतिशीलता के साथ जुटे हुए हैं। आपके प्रांत में भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी कार्यकर्ता प्रयासरत होंगे, ऐसा विश्वास है। इस महाभियान के उपरांत भाजपा सार्वदेशिक एवं सर्वस्पर्शी सदस्यों वाले सबसे विशाल दल के रूप में जनसेवा हेतु उभर कर आएगा।

आपको विदित ही है कि इस महाभियान के अनुवर्तन हेतु आदरणीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के मार्गदर्शन में "महासंपर्क अभियान" प्रारंभ किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत अधिकाधिक सदस्यों तक पहुंचने के लिए विभिन्न योजनाओं को प्रारंभ किया जा रहा है।

ऐसा अनुमान है कि "सदस्यता महाभियान" को सफल बनाने के प्रक्रिया में लगे हुए "सक्रिय सदस्यों" की संख्या लगभग 10 लाख से अधिक रहेगी। ऐसे सभी सक्रिय सदस्यों के लिए देश भर में मंडल/जिला/प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर **प्रशिक्षण वर्ग** आयोजित करने का निर्णय किया गया है।

आदरणीय राष्ट्रीय अध्यक्ष के मार्गदर्शन एवं माननीय श्री रामलाल जी की उपस्थिति में इन "प्रशिक्षण वर्ग समिति" की 3 बैठकें संपन्न हो चुकी है। इन बैठकों में वर्गों के स्वरूप, अवधि, विषय वस्तु प्रशिक्षण वर्ग हेतु प्रशिक्षक सहित अनेक बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई है। आगामी कुछ दिनों में इस हेतु सभी से परस्पर विचार विमर्श करते हुए अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

इस संबंध में आपके ध्यानार्थ निम्नलिखित बिन्दु प्रस्तुत हैं:–

1. प्रत्येक स्तर पर आयोजित किए जाने वाले प्रशिक्षण वर्ग में प्रतिभागियों की अधिकत्तम संख्या 150 रहनी चाहिए।
2. समाज व देश के प्रत्येक वर्ग को स्पर्श करने वाले विषय, भाजपा का इतिहास तथा विकास, एकात्म मानवदर्शन, संघ परिवार परिचय को वर्गों की विषय वस्तु की सूची में सम्मिलित किया जाए। (विषयों का स्तर व विस्तार वर्ग के स्तर के अनुसार रहेगा)।
3. प्रदेश/जिला/मंडल स्तर के वर्गों में वहां की स्थानीय आवश्यकतानुसार विषयों को भी सम्मिलित किया जा सकता है। इस संबंध में विषयों की सूची बनाकर शीघ्र केन्द्रों को भेजना अपेक्षित है।

4. मंडल/जिला/प्रदेश स्तर के वर्गों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए "सक्रिय सदस्य" होना अपेक्षित है। सभी प्रतिभागियों (चाहे वे सक्रिय सदस्य हों अथवा साधारण सदस्यता वाले प्रतिष्ठित महानुभाव) के लिए वर्गों हेतु चयन प्रक्रिया हेतु सुझाव भी भेजें।
5. सभी स्तरों के प्रशिक्षण वर्ग हेतु प्रशिक्षकों के पर्याप्त प्रशिक्षण के लिए मई माह के प्रथम पखवाड़े में वर्ग आयोजित करने की संभावना है। इसकी तिथियां निश्चित होने पर आपको सूचित किया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले इस वर्ग के लिए प्रत्येक प्रांत ने अपने यहां से प्रतिनिधियों की सूची तैयार करके भेजनी है।
6. सभी वर्गों की योजना व सफल क्रियान्वयन के लिए प्रदेश स्तर पर एक वर्ग प्रमुख तथा एक या दो सह प्रमुख के रूप में दायित्व निर्वहन करेंगे।

   जिला स्तर पर भी एक वर्ग प्रमुख तथा एक सह प्रमुख का चयन करना है।

   मंडल स्तर पर एक वर्ग प्रमुख का चयन करना है।

   उपरोक्त चयनित कार्यकर्ताओं की सूची केन्द्र को भेजी जाए, ऐसी अपेक्षा है।

   देश भर में इन वर्गों का आयोजन जुलाई/अगस्त/सितम्बर महीने में करने की योजना है।
7. वर्गों के पूर्ण स्वरूप, प्रतिभागियों के चयन की प्रक्रिया, विषयों की सूची, विषयों के वर्किंग पेपर, वर्गों के प्रबंधन संबंधी अपेक्षाएं प्रशिक्षकों के संबंध में सूचनाएं विस्तार से शीघ्र ही आपको भेजी जाएंगी।

आपसे पुनः आग्रह है कि वर्गों के सम्बन्ध में जिम्मेदार कार्यकर्ताओं की सूची, स्थानीय विषयों का चयन प्रतिभागियों के चयन की प्रक्रिया तथा विविध वर्गों की कालावधि कितनी हो, के संबंध में अपने सुझाव यथाशीघ्र केन्द्र को भेजें।

आशा है कि सदस्यता महाभियान, सम्पर्क अभियान तथा प्रशिक्षण वर्ग अभियान के उपरान्त भाजपा के सुदृढ़ीकरण का लक्ष्य पूरा हो सकेगा।

सादर,

भवदीय,

मुरलीधर

(पी. मुरलीधर राव)

प्रतिलिपि –

मा. राष्ट्रीय अध्यक्ष, भाजपा

मा. राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन), भाजपा

मा. प्रदेश प्रभारी

मा. प्रदेश अध्यक्ष/महामंत्री संगठन